**दिनांक : 08.06.2024** **समय : 07.10**

**मुख्य समाचार :—**

- राज्यमंत्रिमंडल का हुआ विस्तार, रामनिवास रावत केबिनेट मंत्री के रूप में हुए शामिल।
- अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार जारी, 10 जुलाई को होगा मतदान।
- सर्वोच्च न्यायालय ने नीट परीक्षा पर सीबीआई, एनटीए और केन्द्र सरकार से 10 जुलाई तक मांगी रिपोर्ट।
- प्रदेष में कल मछुआ दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन।

**मंत्रिमंडल विस्तार**

राजभवन में आज राज्य मंत्रिमंडल के संक्षिप्त विस्तार में राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने रामनिवास रावत को मंत्री के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई । अब राज्य मंत्री परिषद ने कुल 31 मंत्री हो गए हैं। श्री रावत चंबल क्षेत्र के ओबीसी के वरिष्ठ नेता हैं और विजयपुर सीट से छह बार विधायक चुने गए हैं। श्री रावत कुछ माह पहले ही कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए हैं। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल सहित कई अन्य मंत्री और अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राम निवास रावत को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर नए दायित्व के लिए उन्हें बधाई दी है।

***मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्रिमंडल में आज नए सदस्य का आगमन हुआ है। श्री रावत सार्वजनिक जीवन में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं, वे चंबल अंचल के श्योपुर जैसे विकास की संभावनाशील जिले को प्रभावी प्रतिनिधित्व प्रदान कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री के रूप में उनके अनुभव का लाभ पूरे मंत्रिमंडल और सभी प्रदेशवासियों को मिलेगा।***

**प्रधानमंत्री- रूस यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस और ऑस्ट्रिया की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर आज शाम मॉस्को पहुच गये है। मॉस्को एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रधानमंत्री का स्वागत उपप्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने किया।

22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रक्षाए व्यापार और निवेशए ऊर्जा सहयोगए शिक्षाए संस्कृति तथा लोगों के बीच आपसी संपर्क सहित व्यापक द्विपक्षीय मुद्दों पर विचार विमर्श करेगे। रूस के राष्ट्रपति आज प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में निजी भोज की मेजबानी करेंगे। कल प्रधानमंत्री रूस में भारतीय समुदाय से मिलेंगे। यात्रा के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री मोदी कल ऑस्ट्रिया जायेंगे।

## सर्वोच्च न्यायालय नीट सुनवाई

सर्वोच्च न्यायालय ने **राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-नीट यूजी** पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी - एनटीए से न्यायालय में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। शीर्ष अदालत ने सीबीआई से मामले में अब तक की अपनी जांच पर एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। न्यायालय ने 10 जुलाई तक रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ए न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह तथ्य कि परीक्षा की पवित्रता से समझौता किया गया हैए जो कि संदेह से परे है। उन्होंने कहाए हालांकिए दोबारा परीक्षा का आदेश देने से पहले पेपर लीक कहां से हुआ यह पता होना जरूरी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि परीक्षा रद्द करना अंतिम उपाय है। इस मामले में अब अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी।

### मुख्यमंत्री अमरवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक रहे है। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरवाड़ा विधानसभा के ग्राम बटका खापा में भाजपा प्रत्याशी कमलेश प्रताप शाह के समर्थन में प्रचार किया। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा लोकसभा के बाद अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भी भाजपा जीत का परचम लहराने वाली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलती थी कि छिंदवाड़ा का विकास किया है, लेकिन क्षेत्र में अंदर तक पहुंचकर देखा तो झूठ पकड़ में आया, उन्होंने तो कहीं कोई विकास किया ही नहीं। किसान पानी तक के लिए तरस रहे। वहीं कांग्रेस ने भी आज क्षेत्र में जनसभा का आयोजन किया जिसमें प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह इनवाती के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। अमरवाड़ा में 10 जुलाई को मतदान होगा और 13 जुलाई मतगणना की जायेगी।

### राज्यपाल पौधारोपण

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सुरक्षित भविष्य के लिए पौध–रोपण ज़रूरी है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान में पौधे ज़रूर लगाए। राज्यपाल श्री पटेल ने स्वयं अभियान के तहत राजभवन परिसर में आज अधिकारी–कर्मचारियों के साथ पौध–रोपण किया। उन्होंने क्रिसमस ट्री का पौधा रोपा। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव मुकेश चंद गुप्ता, अपर सचिव उमाशंकर भार्गव और राजभवन के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मछुआ दिवस

प्रदेश में कल मछुआ दिवस मनाया जायेगा। इस संबंध में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने मछुआरों को बधाई दी

है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में मछली पालन को प्रोत्साहित कर बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले वर्ष 3 लाख 42 हजार मीट्रिक टन मत्स्योत्पादन का लक्ष्य हासिल किया गया। मछुआरों की सहकारी समितियों से आगामी वर्ष में 3 लाख 90 हजार मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन के लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। राज्यमंत्री ने कहा कि नीली क्रांति से प्रदेश में आर्थिक क्रांति लाने के ठोस प्रयास किये जा रहे है। सरकार मछली पालन के साथ–साथ उसके प्र–संस्करण, विपणन और भंडारण क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही है। साथ ही मछुआरों एवं मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड के दायरे में लाने के लिये विशेष अभियान चालाया है। प्रदेश में जिला स्तर पर मछुआ दिवस पर आयोजन किए जाएंगे।

**मौसम**

प्रदेश में आज भी कई जिलों में बारिश जारी है। मौसम विभाग ने ग्वालियर–चंबल संभाग में लगातार चौथे दिन भी भारी बारिश का अलर्ट दिया है। इस वक्त मानसून द्रोणिका प्रदेश से होकर गुजर रही है वहीं, दूसरी ओर तीन मौसम प्रणालियां भी बनी हुई हैं। इनके असर से प्रदेश के विभिन्न जिलों में रुक–रुक कर वर्षा हो रही है। इस संबंध में मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि शिवपुरी/ कूनो एनपी, श्योपुर कलां, दक्षिण ग्वालियर, गुना, अशोकनगर, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर/ अमरकंटक में बिजली के साथ भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है। सकती है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- भारत सरकार के केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार आज छतरपुर जिले के दौरे पर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री बनने के पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र छतरपुर टीकमगढ़ पहुंचे ड. वीरेंन्द्र कुमार का लोगों ने भव्य स्वागत किया।
- सीहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बताया की राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों व त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर को होगा।
- खरगोन ज़िले में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत मुस्लिम कब्रिस्तान भूमि पर पौधारोपण कर उसे पेड़ बनाने का संकल्प लिया।
- देवास जिले में 11 अगस्त तक विश्व जनसंख्या अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य संस्थाओं में परिवार नियोजन के साधनो की उपलब्धता सुनिश्चित कर सेवा प्रदायगी सुनिश्चित की जा रही है। जिले में 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर भी कई कार्यक्रम आयोजित की जायेगी।
- एक जुलाई से 31 अगस्त तक संचालित किये जा रहे स्टॉप डायरिया अभियान संचालन हेतु आगरमालवा कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आज कार्यशाला में बताया गया कि स्टॉप डायरिया अभियान जिले में तीन चरणों संचालित होगा।
- कटनी जिले के विकासखंड बड़वारा के ग्राम केवलारी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला भवन सेहरा टोला स्कूल भवन की छत का प्लास्टर की परत गिरने से चार बच्चों को हल्की चोट आई है।सभी घायल बच्चों को बरही शासकीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार हेतु भर्ती कराया गया है।
- खंडवा पुलिस ने आज जिला अस्पताल के पास से बिहार के रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार 6 किलो चरस बरामद की है। जिसका बाजार मे मूल्य कीमत लगभग 30 लाख रुपये है। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

................